**@shahjahanpupol**

**प्रेस नोटः- सराहनीय कार्य 07/07/2021**

**थाना तिलहर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी,**

**सेना मे भर्ती कराने के नाम पर युवको से करोड़ो रुपयो की ठगी करने वाले अन्तर्राज्जीय गिरोह का भंडाफोड़, 04 अभियुक्त गिरफ्तार, भर्ती मे प्रयुक्त होने वाले फर्जी अभिलेख, मोहरे, लैपटॉप सहित अन्य सामग्री बरामद।**

श्री एस0आनन्द पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर द्वारा उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लिया गया तथा श्री संजीव कुमार बाजपेयी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में, श्री परमानन्द पाण्डेय क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में तथा श्री हरपाल सिंह बालियान प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर के नेतृत्व मे टीम गठित कर ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये तथा पुलिस टीम की प्रत्येक दिवस की कार्यवाही की मानटरिंग स्वयं पुलिस अधिक्षक द्वारा की जा रही थी।

श्री नवी हसन पुत्र मेहंदी हसन निवासी ग्राम सलेमाबाद पट्टी उर्फ गुलचम्पा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर द्वारा दिनांक 30.06.2021 को एक प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसमे उसे सेना मे भर्ती कराने के नाम पर अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह तथा अभिषेक सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम ढकिया रघा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को अपनी मकान व जमीन गिरवी रखकर तीन लाख सत्तर हजार रुपये दिये थे। परन्तु सेना मे भर्ती नही कराने पर पैसे वापस मांगा गया तो स्पोर्ट का फर्जी सर्टिफिकेट बनवाकर ग्वालियर ले जाकर फर्जी भर्ती प्रक्रिया कराकर उलझाये रखा गया। शिकायत पर जांच की गयी तो घटना सही पाये जाने पर दिनांक 04.07.2021 को थाना तिलहर पर मु0अ0स0 519/21 धारा 420/467/468/469/471 भादवि पंजीकृत कर विवेचना निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रारम्भ की गयी।

इसी क्रम मे गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण की गहराई से छानवीन कर साक्ष्य एकत्र किये गये, जिसमे अभियुक्तगण 1- प्रभात 2- अभिषेक सिंह (प्रभात की बुआ का लड़का) 3- उसका चचेरा भाई कुलदीप सिंह रजाबत 4- चचेरा बहनोई कमलेश सिंह 5-अभिषेक **(सरगना) 6-** प्रवीन यादव 7- शैलेन्द्र, 8-रोहित सिकरवार उर्फ आला के नाम प्रकाश मे आये। **दिनांक 06.07.21 समय 16.30 बजे नामित अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह नि0 ढकिया रघा के घर पर दबिश देकर** अभियुक्त 1. भूपेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम ढकिया रघा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर 2. कुलदीप सिंह रजाबत पुत्र जल सिंह निवासी ग्राम सुल्तान सिंह का पूरा थाना उमरी जिला भिण्ड मध्य प्रदेश 3. प्रभात पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम पिपरगहना थाना बिलसण्डा जनपद पीलीभीत 4. कमलेश सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम महोलिया मुंडी थाना सिंधौली जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो के आफिस व उनके कब्जे से फर्जी अभिलेख मोहरे लैपटॉप सहित अन्य सामग्री बरामद की गयी, साक्ष्यों एवं बरामदगी के सम्बन्ध में गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना पर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया ज रहा है। अन्य अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जायेगी।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-</u>**

1. भूपेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम ढकिया रघा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
2. कुलदीप सिंह रजाबत पुत्र जल सिंह निवासी ग्राम सुल्तान सिंह का पूरा थाना उमरी जिला भिण्ड म0प्र0
3. प्रभात पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम पिपरगहना थाना बिलसण्डा जनपद पीलीभीत
4. कमलेश सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम महोलिया मुंडी थाना सिंधौली जनपद शाहजहाँपुर

**<u>फरार अभियुक्तों का विवरणः-</u>**

1. अभिषेक पुत्र नरेश निवासी ग्राम सुल्तान सिंह का पूरा थाना उमरी जिला भिण्ड म0प्र0 **(सरगना)**
2. प्रवीन यादव पुत्र वर्मा यादव निवासी ग्राम गढा थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
3. शैलेन्द्र पुत्र अहिवरन सिंह निवासी ग्राम पपिपरगहना थाना बिलसण्डा जनपद पीलीभीत
4. अभिषेक पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी ग्राम ढकिया रघा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
5. रोहित सिकरवार उर्फ आला पुत्र नामालूम निवासी ग्राम घोसीपुरा ग्वालियर (अभिषेक का पार्टनर)

**<u>पंजीकृत अभियोग -</u>**

1. मु0अ0स0 519/21 धारा 420/467/468/469/471 भादवि

**<u>घटनास्थलः-</u>**

**दिनांक 06.07.21 समय 16.30 बजे ग्राम ढकिया रघा**

**<u>बरामदगी का विवरण -</u>**

1-लैपटॉप 01 अदद

2-मोबाईल टेकनो 02 अदद

3-आई कार्ड स्पोर्ट एण्ड जेम 01 अदद

4-आधाकार्ड साक्षी सिकरवर 01 अदद

5-आ0सी0 फोटोकापी भूपेन्द्र सिंह गुर्जर 01 अदद

6- आर0सी MP075P2381 01 अदद

7-आई कार्ड अभिषेक 01 अदद

8- आई कार्ड खाली 43 अदद

9-आई कार्ड अंकुश गुर्जर स्पोर्ट एण्ड गेम 01 अदद

10-आधार कार्ड ओमकार सिंह 01 अदद

11-अंकुश गुर्जर पैन कार्ड 01 अदद

12-विजिटींग कार्ड डिफेन्स अकादमी 39

13-फोटो पासपोर्ट साईट 61 अदद

14-कैश जमा रसीद 12 अदद

15-विजिटिंग कार्ड श्रीराम स्पोर्ट क्लब 125 अदद

16-आई कार्ड कुलदीप स्पोर्ट एण्ड गेम 01 अदद

17-पम्पलेट 17 अदद

18-स्पोर्ट सर्टिफिकेट 05 अदद

19-मोहर मय इंक पैड 01 अदद

20-जमा रसीद बुक 6 अदद

21-गेम फेडेरेसन रजिस्ट्रेशन बुक 01 अदद

22-मार्कसीट व सर्टिफिकेट 13 अदद

23-स्टाम पेपर 02 वर्क

24-वेरिफिकेशन लेटर लिफाफा 02 अदद

25-वेरिफिकेशन स्पोर्ट सर्टिफिकेट राजपूत रेजीमेन्ट सेन्टर हस्ताक्षर युक्त 1 वर्क

26-जाति प्रमाण पत्र तहसील अम्बाह जिला मुरेना मध्य प्रदेश 03 वर्क

27-निवास प्रमाण पत्र अम्बाह जिला मुरेना मध्य प्रदेश 01 वर्क

28-आय प्रमाण पत्र पत्र अम्बाह जिला मुरेना मध्य प्रदेश 02 वर्क

29-नकली वॉकीटॉकी 01 अदद

**<u>पूछताछ एवं अपराध करने का तरीकाः -</u>**

अभियुक्त प्रभात पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम पिपरगहना थाना बिलसण्डा जनपद पीलीभीत की बुआ का लड़का अभिषेक पुत्र नरेश निवासी ग्राम सुल्तान सिंह का पूरा थाना उमरी जिला भिण्ड म0प्र0 ने ग्वालियर मे स्पोर्ट एण्ड गेम फेडरेशन का आफिस बना रखा है जहाँ से नेश्नल स्तर के स्पोर्ट सर्टिफिकेट तैयार कराता है तथा आयु

निकल जाने के बाद स्पोर्ट कोटे से सेना मे भर्ती कराने के नाम पर लोगो से मोटी रकम लेकर ठगी करता है, तथा प्रभात को इस काम मे अपने साथ मिलाकर पीलीभीत एवं शाहजहाँपुर से बेरोजगार नवयुवको को फंसा कर पैसा ऐठा जाता है, प्रभात ने यहाँ पर अपने तहेरे भाई शैलेन्द्र पुत्र अहिवरन सिंह निवासी ग्राम पपिपरगहना थाना बिलसण्डा जनपद पीलीभीत, प्रवीन यादव पुत्र वर्मा यादव निवासी ग्राम गढा थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर, भूपेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह, अभिषेक पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम ढकिया रघा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को जोड़कर क्षेत्र से काफी बेरोजगार नवयुवको से तीन से छः लाख तक बसूली की तथा प्रति केण्डिडेट 03 लाख के हिसाब से अभिषेक को ग्वालियर भेजा गया जिन लोगो से पैसा लिया गया उन्हे भर्ती के नाम पर कई गाड़ियो द्वारा ग्वालियर ले जाकर होटल के कमरो मे ठहराया गया, वही पर किसी स्कूल के ग्राउड़ मे उनकी फर्जी मांप जोख करायी गयी फिर उन्हे एकदम यह कहकर कि हमारे बारे मे पुलिस को पता चल गया है कही पकड़े न जाये यहाँ से भाग जाओ और उन्हे रातो रात वहाँ से उनके घर भेज दिया जाता है। फिर वह लोग फोन करते है तो टालमटोल कर उनके द्वारा दिये गये पैसों को हडप लिया जाता है।

**<u>अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-</u>**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री हरपाल सिंह बालियान थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
2.अपर प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार श्रीवास्तव थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
3.उ0नि0 श्री ओमप्रकाश थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
4.उ0नि0 श्री विकास कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
5.हे0का0 मिर्जा जुबैर बैग थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
6.का0 1129 विपिन थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
7.का0 1297 मनीष थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
8.का0 1326 कर्मवीर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर